Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

an>

Title: Need to improve the quality of wheat being supplied through Public Distribution System (PDS) in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदय, राजस्थान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से एफसीआई के गोदामों से जो गेहूं बीपीएल परिवारों को, मिड डे मील के लिए, आईसीडीएस स्कीम्स के लिए या राशन की दुकानों में वितरित किया जा रहा है, वह लाल रंग का गेहूं बहुत घटिया तथा स्वादहीन है, जिसे खा कर लोग कुपोाण का शिकार हो रहे हैं। कई जगहों से ग्रामीण उपभोक्ता संस्थानों तथा समाचार पत्रों के माध्यम से भी इस प्रकार की शिकायतें निरंतर आ रही हैं। लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि तत्काल घटिया किस्म का आयातित गेहूं, जो राशन की दुकानों के माध्यम से दिया जा रहा है, मिड डे मील के लिए दिया जा रहा है, तुरंत उस पर रोक लगाई जाए और उसके स्थान पर बढ़िया गेहूं जो पौटिकता प्रदान करने वाला हो, वह मिड डे मील के लिए, आईसीडीएस के लिए तथा बीपीएल परिवारों के लिए मुहैया कराया जाए।